## एक नजर में

### सीएम ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन की दी बधाई

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को होलिका दहन की बधाई और शुभकामनाएं दीं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी नागरिक इस पवित्र अग्नि में नकारात्मक तत्वों को समर्पित कर जीवन में मंगल और शुभता का वरदान मांगे. डॉ. यादव ने देश और समाज के प्रति अपने योगदान की संपूर्णता का संकल्प लेने का प्रदेशवासियों से आह्वान किया है.

### 3 को पीताम्बरा सर्वसिद्ध पीठ में दर्शन रहेंगे प्रतिबंधित

**आगर-मालवा.** आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सर्वसिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर में 03 मार्च, मंगलवार को पड़ने वाले चन्द्रग्रहण के कारण मंदिर में दर्शन एवं धार्मिक अनुष्ठानों पर प्रतिबंध रहेगा. प्रबंध समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार चन्द्रग्रहण का सुतक काल प्रात: 6.20 बजे से प्रारंभ होगा. सुतक काल प्रारंभ होते ही मंदिर में दर्शन, हवन-पूजन एवं अन्य अनुष्ठान पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे. जबकि प्रात: 6.20 बजे से चन्द्रग्रहण की समाप्ति तक गर्भगृह में प्रवेश वर्जित रहेगा तथा इस अवधि में मंदिर के कपाट बंद रखे जाएंगे. वही 04 मार्च को प्रात: 6.00 बजे मंगला आरती के पश्चात मंदिर के कपाट पुन: खोले जाएंगे तथा दर्शन, हवन-पूजन एवं अन्य अनुष्ठान पूर्ववत सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएंगे.

# भगोरिया को राजकीय पर्व का दर्जा देकर गरिमा बढ़ाया

## सीएम ने जुलवानिया में भगोरिया उत्सव को संबोधित करते हुए कहा


मांदल की थाप पर थिरके सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आनंद में झूमने का पर्व है. पर्व में महिला और पुरुष समान रूप से कदम से कदम मिलाकर नृत्य करते हैं और पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरते हैं.**

ताड़ी जैसे पारंपरिक पेय का आनंद भी इस उत्सव का हिस्सा है. जनजातीय संस्कृति की अपनी विशिष्ट पहचान और महत्व है. इसी परंपरा को संरक्षित करने के लिये राज्य सरकार ने इस पर्व को राजकीय पर्व का दर्जा देकर इसकी गरिमा को और बढ़ाया गया है.

यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़वानी जिले के जुलवानिया में भगोरिया उत्सव में कही. बड़वानी के जुलवानिया में भगोरिया हाट में उस समय उल्लास और उमंग का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय बंधुओं के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन से पूरा हाट परिसर उत्साह, रंग और पारंपरिक उल्लास से सराबोर हो गया. जनजातीय संस्कृति की जीवंत छटा से सजे इस पारंपरिक पर्व में मांदल की गूंजती थाप, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित नर्तक-नर्तकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां तथा गुलाल से रंगीन वातावरण ने भगोरिया को और भी आकर्षक बना दिया.

### बड़वानी में होगी आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़वानी जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक है. इसके विस्तार के लिये कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के साथ आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना की जाएगी. जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए पानसेमल एवं वरला माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. इन परियोजनाओं से हजारों हैक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी और जनजातीय किसानों को सीधा लाभ होगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कलाकारों के साथ मांदल की थाप पर कदम मिलाकर उनकी कला और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, उत्सवधर्मिता और जीवन के प्रति आनंदमयी दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है. यहां प्रत्येक मौसम के अनुरूप त्यौहारों की परंपरा रही है, जिससे जीवन में उल्लास और सामूहिकता बनी रहे. पूर्वजों द्वारा स्थापित यह आनंदमयी परंपरा आज भी जीवंत है.

# पुलिस कर्मियों से मारपीट करने वाले को कोर्ट उठने तक की सजा

**जबलपुर, 2 मार्च. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रियम कुमार सक्सेना की अदालत ने पुलिसकर्मियों से मारपीट करने वाले आरोपी जितेन्द्र चक्रवर्ती को दोषी करार दिया. अदालत ने आरोपी को कोर्ट उठने तक की सजा व एक हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया.**



अदालत के समक्ष एडीपीओ मनीष समाधिया ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2026 को फरियादी अपनी ड्यूटी पर आरक्षक वीरेन्द्र व सुशील के साथ थाना के शासकीय मोबाईल वाहन से रिछाई की ओर भ्रमण पर थे. जहां रोड किनारे खड़े आरोपी जितेन्द्र चक्रवती को हिदायत दी गई तो वह गाली गलौज करते हुए झूमाझटकी करने लगा और मारपीट शुरु कर दी. जिसे आरक्षक वीरेन्द्र ने पकडऩा चाहा तो उससे भी झूमाझटकी की. उक्त मामले में आरोपी जितेन्द्र के खिलाफ रांझी पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था. सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया.

### होली से पहले एक क्विंटल पनीर और 80 किलो मावा जब्त

**मुरैना.** जिले के सबलगढ़ कस्बे में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होली के त्यौहार से पूर्व मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन डेयरियों पर अचानक छापे मारकर करीब एक कुंटल मिलावटी पनीर और लगभग 80 किलो मावा जब्त किया है. होली के मद्देनजर विभाग को शिकायतें मिली थीं कि कस्बे की कुछ दुग्ध डेयरियों में बड़े पैमाने पर मिलावटी पनीर और मावा तैयार किया जा रहा है. शिकायतों के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन डेयरियों पर छापामार कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब एक कुंटल पनीर और 80 किलो मावा जब्त किया.

# स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च से

## 28 मार्च रहेगी आवेदन करने की अंतिम तिथि

### 02 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश

**भोपाल, 2 मार्च. शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे.**

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है. आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं. निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन,



ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा.

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है. साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं. समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं. सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा. वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं. फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा.

> ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा. 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा. आवेदक ने आर.टी.ई. में नि:शुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा.

# विद्युत समाधान योजना की अवधि बढ़ाई

## 31 मार्च तक राशि जमा करने पर सरचार्ज में मिलेगी 90% छूट



**भोपाल 2 मार्च. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है.**

पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी. उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी. समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है. मंत्री श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 31 मार्च तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं.

### 21 लाख 67 हजार उपभोक्ताओं ने लिया लाभ

मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में 28 फरवरी तक 21 लाख 67 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लिया है. कुल 1043 करोड़ 53 लाख रूपये जमा किये गये हैं, जबकि 388 करोड़ 77 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 6 लाख 38 हजार बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 616 करोड़ 42 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 285 करोड़ 39 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है.

# अपराधी के साथ जन्मदिन मनाना पड़ा भारी, निलंबित

**मुरैना 02 मार्च. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के जौरा थाना प्रभारी को अपने जन्मदिन पर एक शातिर अपराधी के साथ नाच-गाना करना महंगा पड़ गया.**

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन अटैच करने के आदेश जारी कर दिए. जानकारी के अनुसार जौरा थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला का 28 फरवरी को जन्मदिन था. जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने थाना परिसर में एक पार्टी का आयोजन किया, जिसमें केक काटा गया और उन्हें बधाई देने के लिए लोगों की लाइन लगी रही. इसी दौरान मुरैना कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर और शातिर बाइक चोर लवकुश शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुआ. बताया गया कि उसने थाना प्रभारी को अपने कंधे पर बैठाकर थाना परिसर में घुमाया और नाच-गाना किया. उसके पीछे-पीछे थाने का स्टाफ भी नाचता हुआ दिखाई दिया. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने अपराधी के साथ जन्मदिन पार्टी मनाने को पुलिस की छवि धूमिल करने वाला कृत्य मानते हुए थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन अटैच कर दिया.

# कांग्रेस में प्रवक्ता के लिए 1,700 आवेदन

आशीष कुर्ल

**भोपाल 2 मार्च. कांग्रेस के मीडिया विभाग ने नए प्रवक्ताओं की टीम तैयार करने के उद्देश्य से नेशनल टैलेंट हंट अभियान शुरू किया है. इस पहल को प्रदेश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है.**

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी थी और अब तक 1,700 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं. नवभारत से विशेष बातचीत में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रभारी डॉ. मुकेश नायक ने बताया कि इस वर्ष प्रतिक्रिया उम्मीद से कहीं अधिक रही है. उन्होंने कहा, पहले हमें लगभग 100 आवेदन प्राप्त होते थे, लेकिन इस बार



1,700 से अधिक कांग्रेसजनों ने आवेदन किया है. यह मीडिया की जिम्मेदारियां संभालने के प्रति कार्यकर्ताओं के बढ़ते उत्साह को दर्शाता है.

डॉ. नायक ने बताया कि आवेदकों में आईआईटी इंजीनियर, डॉक्टर और विभिन्न क्षेत्रों के अन्य पेशेवर भी शामिल हैं. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षित और अनुभवी लोगों की भागीदारी पार्टी की संचार रणनीति को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक संकेत है.

### आवेदनों की सूची को जल्द शॉर्टलिस्ट किया जाएगा

उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही आवेदनों की सूची को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा. इसके बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के पैनल द्वारा साक्षात्कार लिए जाएंगे. चयनित उम्मीदवारों को अनुभवी नेताओं द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे मीडिया के सामने प्रभावी ढंग से पार्टी का पक्ष रख सकें.

पेज एक का शेष

### कृषि कैबिनेट: होली से पहले किसानों को सतरंगी सौगात

राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन में 1150 करोड़ रूपये खर्च होंगे: कैबिनेट ने राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन को आगामी 5 वर्षों तक निरंतर रखने के लिए 1150 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी. इस योजना में कृषि क्षेत्र में दक्षता की वृद्धि, विभिन्न कृषि घटकों के प्रभाव वृद्धि, दोहराव से बचाव संबंधी कार्य किये जायेंगे. इसी तरह सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना को आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के लिए 1,375 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है. इस योजना में केन्द्र एवं राज्य सरकार की भागीदारी से, मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करणीय उद्योगों के उन्नयन तथा नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जायेगी. इसी क्रम में उद्यानिकी के क्षेत्र में पौधशाला उद्यान में रोपणियों में पौध तैयार करने और उच्च गुणवत्ता की पौध एवं बीज, रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जाने के लिए अगले वर्ष 2031 तक के लिए 1739 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है. कैबिनेट ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास की 500 करोड़ से कम वित्तीय आकार की 20 परियोजनाओं को आगामी 5 वर्षों तक के लिए निरंतर जारी रखने जाने की स्वीकृति दी है. इसके लिए 3 हजार 502 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई है.

**20 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार:** कैबिनेट ने मप्र एकीकृत मत्स्योद्योग नीति-2026 को मंजूरी दी है, इसमें अगले 3 वर्षों तक रुपये 3 हजार करोड़ का निवेश होगा, वहीं लगभग 20 हजार रोजगार लोगों को रोजगार मिल सकेगा, इनमें 10 हजार प्रत्यक्ष एवं 10 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल है.

# होली पर रेलवे ने लागू किया भीड़ प्रबंधन



**भोपाल, 02 मार्च. होली पर्व के दौरान यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने व्यापक भीड़ प्रबंधन व्यवस्था लागू की है.**

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में भोपाल जंक्शन, रानी कमलापति, इटारसी और बीना जंक्शन सहित प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है.

टिकट विंडो पर सुगम टिकटिंग, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों की कार्यशीलता और अतिरिक्त टिकट जांच स्टाफ की तैनाती की गई है. स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वारों पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अनधिकृत प्रवेश रोका जा सके और फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ न बढ़े.

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त एस्कॉर्टिंग की व्यवस्था की गई है. अग्नि सुरक्षा उपकरणों और कोचों की नियमित जांच भी सुनिश्चित की गई है. प्लेटफॉर्म परिवर्तन की स्थिति में समय पर उद्घोषणा, लिफ्ट-एस्केलेटर की निगरानी और कोच गाइडेंस प्रणाली सक्रिय रखी गई है. होली स्पेशल ट्रेनों की जानकारी का व्यापक प्रचार किया जा रहा है. मंडल प्रशासन ने यात्रियों से वैध टिकट लेकर यात्रा करने और नियमों का पालन करने की अपील की है.

### भोपाल रेल में 'सेवा संकल्प' बैठक आयोजित

**भोपाल.** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में 2 मार्च को मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में कंट्रोल ऑफिस स्थित आपदा प्रबंधन कक्ष में 'सेवा संकल्प' बैठक आयोजित की गई. बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अपनाए गए सेवा संकल्प प्रस्ताव के क्रियान्वयन और उसके विजन पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए राष्ट्र को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया.



# मध्यप्रदेश में मार्च की शुरुआत से बढ़ी तपिश

### 35 डिग्री पार पहुंचा पारा

**भोपाल, 02 मार्च. मध्य प्रदेश में मार्च की शुरुआत के साथ ही गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है. महीने के पहले ही दिन प्रदेश के कई शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया. निमाड़ क्षेत्र के खरगोन में पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक तापमान है.**

राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को दोपहर में घरों में रहने को मजबूर कर दिया. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी हो सकती है. यानी मार्च की शुरुआत ही तपिश भरी रहने वाली है. रविवार को पचमढ़ी को छोड़ प्रदेश के लगभग सभी शहरों में तापमान 30 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया. धार, गुना, खंडवा, श्योपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, सतना और सिवनी जैसे जिलों में पारा 33 डिग्री से ऊपर पहुंच गया.

रात का तापमान भी सामान्य से अधिक बना हुआ है. जबलपुर में न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री और सतना में 18.2 डिग्री दर्ज किया गया. धार, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, सागर, टीकमगढ़ और उमरिया सहित कई जिलों में रात का तापमान 17 डिग्री से ऊपर रहा, जिससे लोगों को रात में भी गर्मी का अहसास हो रहा है.

> मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अप्रैल और मई में गर्मी अपने चरम पर रह सकती है. ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार जा सकता है. वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग भी भीषण गर्मी की चपेट में रहेंगे.

**सृजन अभियान** कांग्रेस के प्रदेश संगठन ने मंडलम और नगर अध्यक्षों को भी किया नियुक्त

# चार जिलों में जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

**भोपाल, 02 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज कटनी शहर, श्योपुर, जबलपुर ग्रामीण एवं बड़वानी जिलों में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।**

साथ ही विधानसभा क्षेत्र में 57 मंडलम अध्यक्ष एवं 88 नगर अध्यक्षों की नियुक्तियां भी घोषित की गईं। संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत यह नियुक्तियां पूरी



पारदर्शिता और संगठनात्मक मानकों के अनुरूप की गई हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करना है। डॉ. कामले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है कि प्रत्येक मंडलम एवं नगर स्तर पर सक्रिय, समर्पित और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूती प्रदान की जाए। नव नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें और प्रदेश कांग्रेस के कार्यक्रमों को गांव-गांव एवं वार्ड-वार्ड तक पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और प्रदेश में कांग्रेस की जनाधार विस्तार की रणनीति को मजबूती प्राप्त होगी।

## सिंघार अलीराजपुर के भगोरिया मेले में हुए शामिल

**अलीराजपुर.** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आज अलीराजपुर के ऐतिहासिक भगोरिया मेले में शामिल हुए. इस अवसर पर उनके साथ विधायक सेना महेश पटेल एवं आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष महेश पटेल सहित हजारों की संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे. मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कैलाश विजयवर्गीय भी अलीराजपुर पहुँचे हैं. इस संदर्भ में



उन्होंने कहा कैलाश विजयवर्गीय, कल तक आप आदिवासियों को औकात दिखाने की बात कर रहे थे और आज अलीराजपुर में भगोरिया के पावन उत्सव में शामिल होने का ढोंग कर रहे हैं? मैं पूछना चाहता हूँ क्या आप यहाँ फिर से आदिवासियों को उनकी औकात दिखाने आए हैं? उन्होंने कहा कि विजयवर्गीय को आदिवासियों से माफी मांगना चाहिए.